04 aug_2022_colour 04/08/2022 03:36 AM Page 1

हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 46 | देहरादून, बृहस्पतिवार, 04 अगस्त, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



3

# देवभूमि उत्तराखण्ड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जायेगा : मुख्यमंत्री

## विजिलेंस का 02 करोड़ रूपये का रिवॉल्विंग फण्ड बनाया जायेगा





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सर्वे चौक स्थित आई.आर.डी.टी सभागार में सुशासन, पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के सबंध में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि विजिलेंस का 02 करोड़ रूपये का रिवॉल्विंग फण्ड बनाया जायेगा। राज्य में विजिलेंस को सशक्त बनाया जायेगा, इसके ढ़ाचे एवं अन्य सुविधाओं को बढ़ाया जायेगा। विजिलेंस में सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 04 विसलब्लोवर को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त देवभूमि का संकल्प लिया है। 2025 तक उत्तराखण्ड को भ्रष्टाचार मुक्त एवं नशामुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए सभी विभागों को विजिलेंस के साथ समन्वय से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में विजिलेंस को और मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि जो ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं, उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए 1064 एप लॉच होने के बाद से इस एप पर अभी तक 5 हजार से अधिक शिकायतें आ चुकी हैं। जो शिकायतें भ्रष्टाचार से संबंधित हैं, उन पर सतर्कता विभाग द्वारा लगातार कारवाई की जा रही, जो सराहनीय कार्य है। जो शिकायतें भ्रष्टाचार से संबंधित नहीं हैं, लेकिन 1064 पर प्राप्त हो रही हैं, उन्हें सीएम हेल्पलाईन से जोड़ा गया है, ताकि जन समस्याओं का तेजी से समाधान हो सके। इस दिशा में भी सतर्कता विभाग द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के भाव से कार्य कर रही है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, डीजीपी श्री अशोक कुमार, प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव श्री अभिनव कुमार, निदेशक सतर्कता श्री अमित सिन्हा, शासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




# भाजपा युवा मोर्चा का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग 5,6,7 अगस्त को, सभी दिग्गज होंगे शामिल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग 5,6,7 अगस्त को औरोवेली आश्रम ऋषिद्वार रायवाला में होगा है । इसमें मुख्यमंत्री से लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री व संगठन के पदाधिकारी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण व युवा मोर्चा की दिशा व दशा तय करेंगे। प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल ने औरोवेली आश्रम ऋषिद्वार रायवाला में बैठक ली।

युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल ने आज प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग में युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी व सभी जिलाध्यक्ष और जिलो के दो दो महामंत्री प्रशिक्षण लेंगे।

कुंदन लटवाल ने बताया तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 11 सत्र होंगे। प्रत्येक सत्र को अलग-अलग पदाधिकारी संबोधित करेंगे। प्रशिक्षण में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत सौरव बहुगुणा भाजपा संगठन महामंत्री अजय भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संगठनात्मक व विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगाकुंदन लटवाल ने कहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वृहद स्तर पर होने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में किसी तरह की कमी न रहे इसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है व्यवस्था हेतु बैठक रखी गई जिस्मे विभिन्न व्यवस्था हेतु प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। बैठक में युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजन बर्गली, हरजीत सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन जोशी, विपुल मेंदोली कार्यालय प्रभारी संजीव चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन जिलों में अगले 24 घंटे भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड के चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ में अगले चौबीस घंटे में बहुत भारी बारिश के आसार हैं। बहुत भारी बारिश की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। चालू मानसून सीजन में यह तीसरी बार है जब मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने बहुत भारी बारिश की संभावना को देखते हुए सरकार, शासन, जिला प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को चौबीसों घंटे सतर्क रहने की सलाह दी है। वहीं, राजधानी दून में तेज गर्जना के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक एवं वरिष्ठ मौसम विज्ञानी विक्रम सिंह ने कहा कि बहुत भारी बारिश की संभावना को देखते हुए नदियों, नालों के किनारे बसे लोगों के साथ ही भूस्खलन संभावित इलाकों में बसे लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। इस संबंध में राज्य सरकार व आपदा प्रबंधन विभाग को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। वहीं देर शाम युनोत्री धाम और मसूरी में तेज बारिश हुई।

प्रदेश में भारी बारिश से हुए भूस्खलन के कारण बुधवार को 166 सड़कें बंद रही जबकि 45 सड़कों को खोलने की कार्रवाई की गई। इस काम में 182 जेसीबी मशीनों को लगाया गया। लोक निर्माण विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को कुल 86 मार्ग अवरुद्ध हुए जबकि 125 मार्ग एक दिन पहले से अवरुद्ध थे।

इस तरह से कुल 211 अवरुद्ध मार्गों में से 45 मार्गों को बुधवार को खोल दिया गया। शेष अवरुद्ध सड़कों में 16 राज्य मार्ग, छह मुख्य जिला मार्ग, आठ अन्य जिला मार्ग, 55 ग्रामीण सड़कें अवरुद्ध हैं।

04 aug_2022_colour 04/08/2022 03:36 AM Page 2



# कपड़ों की प्रेस में लग गया है जंग या जलने का निशान, तो इन नुस्खों से करें Iron को चकाचक साफ



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हम लोगों की आदत होती है कि हम कपड़ों वाली प्रेस को तबतक साफ नहीं करते जबतक कि उसपर कोई गहरा या जिद्दी दाग ना लग जाए. कभी कोई कपड़ा जलकर चिपक जाए या प्रेस बहुत ज्यादा गर्माहट से लाल पड़ जाए तब उसे साफ करने की सुध आती है. अगर आपकी प्रेस (Iron) का भी कुछ यही हाल हो गया है और आप उसे चमकाने के उपाय ढूंढ रहे हैं तो हम बताते हैं कुछ ऐसे आसान से घरेलू नुस्खे जो प्रेस के हर दाग को हटाने में कारगर साबित होते हैं.

**पेरासीटामोल आएगी काम**


बिलकुल सही सुना आपने. यहां बुखार में खाई जानी वाली पेरासीटामोल की ही बात हो रही है. किसी कपड़े से जलकर प्रेस खराब हो गई है तो यह नुस्खा जबरदस्त साबित होगा. इसके लिए आपको लंबी वाली पेरासीटामोल (Paracetamol) लेनी है. अपने साथ सफाई वाला एक मोटा कपड़ा भी रखें. इस नुस्खे को ध्यान से अपनाना होगा इसलिए बच्चों को दूर ही रखें. सबसे पहले प्रेस ऑन करें और हल्का गर्म होने के बाद ऑफ कर दें. अब पेरासीटामोल की गोली को एकदम किनारे से पकड़ कर प्रेस पर घिसना शुरू करें. इसके बाद कपड़े से साफ करें. दोबारा प्रैस जलाएं और इस प्रक्रिया को दोहराते रहें. आपको प्रेस से जले के निशान छूटते नजर आएंगे. अपने हाथों को बचा कर रखें और गंदगी पोंछते जाएं.

**बेकिंग सोडा और पानी**

यह नुस्खा भी कई तरह से कारगर है. इसके लिए एक चम्मच पानी में 2 चम्मच भरकर बेकिंग सोडा डालकर पेस्ट बना लें. अब इस पेस्ट को किसी रबड़ की चम्मच से प्रेस पर लगाएं और 2 से 3 मिनट रखने के बाद गीले कपड़े से साफ कर लें. अब पानी भरकर प्रेस की स्टीम ऑन करके प्रेस को किसी कपड़े पर चलाएं जिससे बेकिंग सोडा का पेस्ट प्रेस में लगा न रह जाए.

**चूना और नमक**

प्रेस पर जमी हुई जंग (Rust) को हटाने के लिए चूना और नमक इस्तेमाल में लाया जा सकता है. इसके लिए एक बर्तन में नमक और चूने को बराबर मात्रा में लेकर पानी के साथ पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को जंग लगी प्रेस (Rusty Iron) पर लगाएं और कुछ देर रखे रखने के बाद कपड़े से साफ कर लें. जंग को दूर करने के लिए सैंडपेपर से भी प्रेस को हल्का घिसा जा सकता है जिससे जंग की ऊपरी परत छूट जाए और आप प्रेस को काम में ला सकें.



# अच्छी खबर सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 65 वर्ष की गई



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। एक तरफ जहां रिटायरमेंट की उम्र को लेकर देश भर में कई तरह के तर्क और दावे पेश किए जा रहे हैं. दूसरी ओर, कर्मचारियों को 65 वर्ष की आयु तक सेवा में बने रहने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है। दरअसल, पहले कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 58 साल थी। जिसे अब बढ़ाकर 65 साल कर दिया जाएगा।

एयर इंडिया ने कंपनी के विस्तार के प्रयास में एक बड़ा फैसला लिया है। अब पायलटों को 65 वर्ष की आयु तक उड़ान भरने की अनुमति होगी। 29 जुलाई के एक दस्तावेज़ में कहा गया है कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने पायलटों को 65 वर्ष की आयु तक उड़ान भरने की अनुमति दी है। पहले, एयर इंडिया में पायलटों की सेवानिवृत्ति की आयु 58 वर्ष थी।

DGCA के एक आदेश में कहा गया है कि पायलटों को 65 साल की उम्र तक उड़ान भरने की अनुमति देना एक प्रक्रिया है और उद्योग में एयरलाइंस द्वारा इसका पालन किया जा रहा है। दरअसल, टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने जल्द ही 200 से अधिक विमान खरीद लिए। दरअसल इस पर विचार किया जा रहा है। साथ ही, विमान के लिए पायलटों को फिर कभी अनुबंध नियुक्ति नहीं दी जा सकती है। बता दें कि इसके लिए सेवानिवृत्त पायलटों से संपर्क किया गया था।

इससे पहले कंपनी द्वारा कहा गया था कि अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एयर इंडिया में वर्तमान प्रशिक्षित पायलटों को रिटायरमेंट के बाद 5 साल के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाएगा और 65 साल तक उनकी आयु सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। साथ ही अगले 2 वर्ष में रिटायर होने वाले पायलटों की पात्रता की जांच के लिए मानव संसाधन विकास संचालन विभाग और उड़ान सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की एक समिति भी गठित की जाएगी। जो पायलटों के पिछले रिकॉर्ड के साथ ही अनुशासन उड़ान, सुरक्षा और उनकी सतर्कता की जांच करेगी और दस्तावेज में इसका उल्लेख किया जाएगा।

सेवानिवृत्ति के बाद अनुबंध जारी करने के लिए पायलटों की समीक्षा के बाद विभाग प्रमुख को शॉर्टलिस्ट किए गए नामों की सिफारिश की जाएगी और संविदा कर्मचारियों की आयु सीमा को 5 वर्ष की अवधि के लिए 65 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। वही कर्मचारी जो 63 वर्ष की आयु तक 5 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करेंगे। उनकी विस्तृत स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा रिपोर्ट तैयार की जाएगी और उनकी आयु सीमा को भी बढ़ाकर 65 वर्ष करने पर विचार किया जा रहा है।



# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता देवबंद मे निकालेंगे तिरंगा यात्रा : जावेद मलिक

## देवबन्द मे जुटेंगे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा की तैयारियां जोरो पर







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देवबन्द। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहें हर घर तिरंगा अभियान मे भागीदारी निभाने को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी तैयारी शुरू कर दी है, आज़ादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत उत्तर प्रदेश भाजपा ने तीन करोड़ घरों पर झंडा लगाने का अभियान शुरू किया है, जिसमे एक करोड़ घरों पर भाजपा कार्यकर्ता स्वयं एवं समाज के सहयोग से झंडा एवं ध्वज हेतु डंडा आदि लेकर घरों पर ध्वज लगवाने का कार्य करेंगे, इसी क्रम मे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक ने भी हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए देवबन्द मे तिरंगा यात्रा करने का फैसला किया जिसमे समाज के लोगों मे चेतना जगाकर अल्पसंख्यक समुदाय के ज्यादा से ज्यादा घरों पर तिरंगा लहराया जा सके, 7 अगस्त को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक देवबन्द से यात्रा का आगाज़ करेंगे !!

# अधिकारियों और मोटे ठेकेदारों की सांठ-गांठ से विभागों में बड़े काम से छोटे ठेकेदार हो रहे वंचित : सतपाल महाराज





**आशीष तिवारी की विशेष रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

प्रदेश के संस्कृति, धर्मस्व, पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज के जनपद में पहुँचने पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से जबरदस्त स्वागत किया। प्रदेश के संस्कृति, धर्मस्व, पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज अपने तय कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को जनपद उत्तरकाशी पहुँचे। उनके यहाँ पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने माल्यार्पण, शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से कहा कि वह हमेशा से विभागीय अधिकारियों से कहते आए हैं कि हमें नीतियों में बदलाव किए जाने की आवश्यकता है ताकि छोटे-छोटे कार्यों को करने की इच्छा रखने वाले लोग भी लाभान्वित हो सकें।उन्होने कहा कि अधिकारियों तथा बड़े ठेकेदारों की सांठ-गांठ से विभागों में बड़े काम लगाए जाते है, लेकिन जमीन पर काम फिर वही छोटा व्यक्ति करता है और जब पेमेंट की बारी आती है तब बड़ा ठेकेदार भाग निकल जाता है और हमारा आदमी नुकसान में रहता है।

**पर्यटन के क्षेत्र में काम करें प्रदेश के युवा : महाराज**

मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है। सरकार अनेक पर्यटन सर्किट विकसित करने जा रही है, आने वाला दशक उत्तराखंड का होने वाला है। सेना की भर्ती प्रक्रिया शुरू होनी वाली है, युवा इसमें भी भाग्य आजमाए। विधायक सुरेश चौहान ने कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज का स्वागत करते हुए उनसे आग्रह किया कि पंचायतों के सुदृढ़ीकरण से ही स्थानीय लोगों का विकास हो पाएगा। इसलिए पंचायतों को और अधिक मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश चौहान ने कहा कि सतपाल महाराज राजनैतिक हस्ती के साथ साथ वैश्विक आध्यात्मिक हस्ती भी हैं। उनके उत्तरकाशी आगमन से हम सब का कल्याण होगा। उन्होने कहा कि चिन्याली सौड में पुलिस थाना जो अन्यत्र शिफ्ट हो रहा था उसे यथावत रखने का आदेश मंत्री जी के दिया है जिससे स्थानीय लोगों में खुशी है। इस अवसर पर हरीश डंगवाल, लोकेंद्र बिष्ट, जयबीर चौहान, शैलेंद्र कोहली, बच्चन चौहान, सुरेंद्र पंवार, महावीर नेगी, बालशेखर नौटियाल, विक्रम रावत, धीरेंद्र रावत, विजयपाल मखलोगा, दिनेश रावत, देशराज बिष्ट, दुर्गेश सिलवाल, पवन नौटियाल, अजीतपाल पंवार, रामानंद भट्ट, सोबन राणा, सूरत गुसाई, राजेश राणा, राजेंद्र डंगवाल, हंसराज चौहान, लक्ष्मण भंडारी, मनोज चौहान, देवेंद्र चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## राज्य स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक

# राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प के लिए पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार : पंकज कुमार पाण्डेय, सचिव उद्योग




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के उपरांत सचिव उद्योग श्री पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा सचिवालय परिसर स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता की गयी। सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि गत वर्ष उद्यमियों द्वारा दिये गये सुझावों में से अधिकतर सुझावों को राज्य सरकार द्वारा पूरा कर लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा इन्वेस्टर्स फ्रेंडली माहौल तैयार किये जाने की दिशा में किये जा रहे कार्यों के बारे में चर्चा की गयी। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा आज दिये गये सुझावों पर भी चर्चा की गयी।

उन्होंने बताया कि राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प हेतु पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। इससे राज्य में सिंगज यूज प्लास्टिक मैन्युफेक्चरिंग उद्योग से जुड़े लोगों को उसके वैकल्पिक उद्योगों में कार्य करने हेतु मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में लैंड बैंक हेतु कमेटी बनायी जा रही है। जिससे उद्योगों को आसानी से भूमि उपलब्ध हो सकेगी। राज्य सरकार द्वारा पीएम गतिशक्ति योजना के अंतर्गत संबंधित सैक्टर्स की पालिसी तैयार कर दी गयी हैं। राज्य में उद्योगों का रूझान बढ़ाने के लिये सड़क, हवाई एवं रेल मार्गों का राज्य में तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि उद्योगों में सिंगल विंडो सहित तमाम प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। इन्वेस्टर्स फ्रेंडली माहौल उपलब्ध कराने हेतु कार्य किया जा रहा है। राज्य में निवेश अनुकूल वातावरण के लिये सिंगल विंडो पोर्टल के माध्यम से उद्योगों को विभिन्न विभागों की अनुमतियां तेज गति से दी जा रही है। भारत सरकार द्वारा राज्य को इज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में एचीवर्स की श्रेणी में चयनित भी किया गया है। उद्योगों की स्थापना हेतु अनिवार्य आवश्यकताओं को कम किया जा रहा है। सभी सैक्टर्स के उद्योग राज्य में स्थापित हों राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के अध्यक्ष श्री पंकज गुप्ता, सिडकुल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेंद्र गर्ग सहित अन्य उपस्थित थे।




## आप पार्टी ने युवा विंग में किया संगठन विस्तार

# प्रदेश उपाध्यक्ष, महासचिव संगठन, प्रदेश सचिव और जिलाध्यक्षों के पदों पर की नियुक्ति: नितिन जोशी, प्रदेश अध्यक्ष, युवा विंग, आप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आप युवा विंग में विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष द्वारा युवा नेताओं को महासचिव संगठन, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव और जिला अध्यक्ष के पदों पर नियुक्ति की गई।युवा विंग में जिन लोगों को पद दिए गए वह इस प्रकार हैं।महा सचिव संगठन देवकांत , वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी टिहरी लोकसभा मैक्सवेल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जिला टिहरी ,रुद्रप्रयाग ,देवप्रयाग कैलाश, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जिला उत्तरकाशी मयंक सेमवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जिला पौड़ी, कोटद्वार ,चमोली ,रामप्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जिला काशीपुर, रुद्रपुर ,नैनीताल मनोज शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवम प्रभारी जिला देहरादून अमित बिश्नोई, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जिला अल्मोड़ा, रानीखेत शमशेर आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित भट्ट, प्रदेश सचिव सागर हांडा, जिला अध्यक्ष टिहरी रितेश रावत, जिलाध्यक्ष उत्तरकाशी सुमन रतूड़ी, जिलाध्यक्ष हरिद्वार राकेश लोहार, और जिला अध्यक्ष नैनीताल हर्षित सिरोही।

इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष नितिन जोशी ने सभी को नए पदों पर मनोनीत होने पर शुभकामनाएं देते हुए यह निर्देश दिए कि यह


Aadmi Party - Uttarakhand

सभी लोग पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करते हुए पार्टी की रणनीति और नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।उन्होंने आगे कहा कि बहुत जल्द पार्टी का युवा संगठन मजबूती के साथ खड़ा होगा और प्रदेश की जनता की समस्याओं को उठाने का काम करेगा। इसके साथ ही उन्होंने राज्य सरकार पर भी युवाओं के साथ प्रदेश में लगातार हो रहे खिलवाड़ को लेकर भी निशाना साधा।नितिन जोशी ने कहा कि युवा इस प्रदेश का भविष्य है लेकिन आज युवाओं को अपना भविष्य तलाशने के लिए इस प्रदेश से पलायन करना पड़ रहा है जो इस प्रदेश के साथ-साथ युवाओं के साथ भी एक भद्दा मजाक है। जोशी ने कहा कि महंगी शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी राज्य सरकार यहां के युवाओं को रोजगार दिलाने में नाकाम साबित हो रही है जिससे इस सरकार की बेरोजगारों और युवाओं के प्रति मंशा साफ झलकती है।उन्होने कहा कि अब युवाओं के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा । आम आदमी पार्टी का नयुवा विंग लगातार ऐसे युवाओं की आवाज उठाता रहेगा ,जिनका दमन सरकार आजतक करती आई है।इसके साथ साथ उन्होने बीजेपी द्वारा शुरु होने जा रही तिरंगा अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि ये शुरुआत अरविंद केजरीवाल जी द्वारा की गई, लेकीन बीजेपी ने इस अच्छाई को स्वीकार किया आप पार्टी इसका स्वागत करती है, लेकिन ऐसी कई अन्य अच्छी शुरुआत दिल्ली सरकार द्वारा की गई है जिनके बारे में भी बीजेपी को विचार करना चाहिए।प्रेस वार्ता के दौरान नितिन जोशी, प्रदेश युवा विंग प्रभारी उमा सिसोदिया और गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी रविंद्र आनंद मौजूद रहे।



04 aug_2022_colour 04/08/2022 03:36 AM Page 5



# GST Survey: हरिद्वार में व्यापारी पर लगाया 78 लाख जुर्माना, शून्य रिटर्न दाखिल करने वालों का वेरिफिकेशन जारी







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

राज्य कर विभाग की टीम ने हरिद्वार में एक व्यापारी के प्रतिष्ठानों पर सर्वे करते हुए 78 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। वहीं, राज्य कर विभाग की समीक्षा बैठक में आयुक्त कर ने निर्देश दिए कि ईमानदार व्यापारियों को परेशान न किया जाए। मुख्य सचिव के निर्देशों पर प्रदेशभर में शून्य रिटर्न दाखिल करने वालों का वेरिफिकेशन अभियान चलाया जा रहा है।

वेरिफिकेशन अभियान के तहत अब तक 7148 ऐसे व्यापारियों का मौके पर वेरिफिकेशन किया जा चुका है। मंगलवार को राज्य कर मुख्यालय में आयुक्त कर डॉ. अहमद इकबाल ने विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी ईमानदार व्यापारी को परेशान न किया जाए।

कर चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसी बीच, जीएसटी की टीम ने हरिद्वार में एक व्यापारी के प्रतिष्ठानों पर सर्वे किया। व्यापारी ने फर्टीलाइज की आपूर्ति दिखाई है, जिससे राज्य को कर नहीं मिल पा रहा था। जांच के बाद व्यापारी पर 78 लाख अर्थदंड आरोपित किया जा रहा है।

एक अन्य मामले में व्यापारी ने फर्नीचर, बेडिंग, मैटरेस आदि की खरीद-बिक्री को जीएसटी पंजीकरण कराया था लेकिन व्यापारी के घोषित पते पर कोई फर्म ही अस्तित्व में नहीं थी। व्यापारी ने फर्जी प्रपत्रों के आधार पर पंजीकरण लिया था। जांच के दौरान पाया गया कि फर्म ने 17 लाख की फर्जी आउटवर्ड सप्लाई दिखाई है। उसके खिलाफ भी कार्रवाई चल रही है।

# फ्लिपकार्ट में विभिन्न प्रोफाइल के लिए वर्क फ्रॉम होम जॉब्स, यहां विवरण देखें

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

एक ई-कॉमर्स कंपनी, फ्लिपकार्ट वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) भूमिकाओं सहित विभिन्न प्रोफाइलों के लिए भर्ती कर रही है। हायरिंग प्रक्रिया पर टिप्पणी करते हुए कंपनी ने कहा, "सर्वश्रेष्ठ लोग सर्वश्रेष्ठ टीम बनाते हैं। और हम अपने सभी प्रयास सही लोगों को खोजने में लगाते हैं जो हमारी उच्च प्रदर्शन वाली समावेशी टीमों में फिट होते हैं। ₹मेज पर सभी की आवाज होती है और विचारों, शैलियों और कार्यों की विविधता मनाई जाती है। कैटेगरी लीडर से लेकर विश मास्टर तक, हम सभी एक साथ बंधे हुए हैं और दुस्साहस, कार्रवाई के लिए पूर्वाग्रह, ग्राहक-प्रथम, अखंडता और समावेश के हमारे मूल्यों द्वारा निर्देशित हैं", यह जोड़ा। कंपनी ने आगे कहा, ₹हमारे पास एक समर्पित कार्यस्थल समानता चार्टर है जो समावेशी प्रतिभा आकर्षण, प्रतिभा विकास और प्रतिधारण, और संस्कृति और नीतियों पर केंद्रित है, जो मजबूत नेतृत्व प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित है।₹ अधिक अवसर तलाशने के लिए आप करियर पेज पर जा सकते हैं।

**अनुभव पेशेवर**

कंपनी देश भर में भर्ती कर रही है और भारत भर में विभिन्न भूमिकाओं के लिए अनुभवी पेशेवरों से नौकरी के लिए आवेदन आमंत्रित कर रही है। स्थान-वार अवसरों का पता लगाने के लिए यहां क्लिक करें। आप नए अवसरों के लिए या अन्य जॉब पोर्टल्स पर कंपनी के लिंक्डइन पेज पर भी क्लिक कर सकते हैं।

**डब्ल्यूएफएच नौकरियां**

कंपनी ने जॉब पोर्टल्स पर विभिन्न WFH/दूरस्थ नौकरी के अवसर भी पोस्ट किए हैं।

फ्लिपकार्ट वॉलमार्ट के स्वामित्व वाले फ्लिपकार्ट ग्रुप का एक हिस्सा है, जिसमें समूह कंपनियां फ्लिपकार्ट होलसेल, मिंत्रा और क्लियरट्रिप भी शामिल हैं। यह समूह भारत में अग्रणी पेमेंट्स ऐप में से एक, PhonePe में एक बहुसंख्यक शेयरधारक भी है।

फ्लिपकार्ट पर, कंपनी का हर फ्लिपस्टर से वादा है - एक छाप छोड़ने और अपनी विरासत बनाने का अवसर प्राप्त करने, प्रयोग करने, सीखने और बढ़ने की स्वतंत्रता, और एक विविध टीम के हिस्से के रूप में उद्योग के सबसे प्रतिभाशाली दिमाग के साथ काम करने का। कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए देखभाल की संस्कृति का विस्तार करेगी कि कोई अपना सर्वश्रेष्ठ काम करने पर ध्यान केंद्रित कर सके।

फ्लिपकार्ट भारत में निर्मित प्रौद्योगिकी नवाचारों, ग्राहक-केंद्रित निर्माणों, एक विविध श्रेणी के परिदृश्य और एक विश्व स्तरीय आपूर्ति श्रृंखला में निवेश के माध्यम से भारत में वाणिज्य को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।




## बेड न मिलने से 12 दिन के शिशु की मौत, वीडियो जारी कर पिता ने मांगा इंसाफ

ऋषिकेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश बीते सोमवार को गंभीर अवस्था में लाए गए एक 12 दिन के शिशु को भर्ती करने के लिए बच्चों के आइसीयू में बेड नहीं मिला। शिशु के पिता उसे हिमालयन हास्पिटल जौलीग्रांट ले गए।

बच्चे ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। शिशु के पिता ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल कर इस घटना के लिए एम्स प्रशासन को दोषी ठहराया है और इंसाफ की मांग की है। एम्स के चिकित्सा अधीक्षक के मुताबिक बच्चे को आक्सीजन और प्राथमिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। बेड उपलब्ध ना होने के कारण उसे कहीं और जाने के लिए कहा गया था।

गंभीर अवस्था में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश लाए गए एक 12 दिन के शिशु को भर्ती करने के लिए बच्चों के आइसीयू में बेड नहीं मिला। जिसके बाद पिता मजबूरी में शिशु को लेकर हिमालयन हास्पिटल जौलीग्रांट के लिए रवाना हुए।

रुड़की निवासी भूपेंद्र सिंह गुसाईं मूल रूप से श्रीनगर गढ़वाल के रहने वाले हैं। बीते सोमवार की शाम को वह अपने 12 दिन के शिशु को गंभीर अवस्था में एम्स ऋषिकेश की बाल रोग विभाग की इमरजेंसी में लेकर आए थे। भूपेंद्र सिंह गुसाई के मुताबिक उन्हें यहां पर काफी इंतजार करवाया गया।

बच्चे को आइसीयू बेड की जरूरत थी, आखिर में कह दिया गया कि हमारे यहां बेड खाली नहीं है। इसलिए बच्चे को कहीं और ले जाओ। जिसके बाद वह मजबूरी में यहां से अपने शिशु को लेकर हिमालयन हास्पिटल जौलीग्रांट हुए। बच्चे ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि उनका एक ही बच्चा था।

भूपेंद्र सिंह ने अपनी यह व्यथा वीडियो के जरिए इंटरनेट मीडिया पर जारी की है। जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी नजर में एम्स ऋषिकेश बहुत बड़ा संस्थान है। इसलिए रुड़की से बच्चे के इलाज के लिए यहां ले कर आए थे।

04 aug_2022_colour 04/08/2022 03:36 AM Page 6



# समूह चर्चा में प्रभाव डालना चाहते हैं? इन टिप्स को फॉलो करें

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



कई बार हम अपनी बात कह भी देते हैं लेकिन फिर भी ग्रुप के दूसरे लोगों पर प्रभाव नहीं छोड़ पाते. आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप लोगों पर अपना प्रभाव छोड़ सकेंगे। कुछ लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच तो अपनी बात अच्छे से रख लेते हैं लेकिन किसी बड़े ग्रुप में डिस्कशन के लिए बैठते हैं या नौकरी के लिए होने वाले इंटरव्यू के ग्रुप डिस्कशन में हिस्सा लेते हैं, तो अपनी बात सही तरीके से रखने में असमर्थ होते हैं. कई बार हम अपनी बात कह भी देते हैं लेकिन फिर भी ग्रुप के दूसरे लोगों पर प्रभाव नहीं छोड़ पाते. आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप लोगों पर अपना प्रभाव छोड़ सकेंगे। बोलते समय आई कॉन्टेक्ट करेंः जब भी आप किसी ग्रुप डिस्कशन में हिस्सा लें, इस बात का ध्यान रखें कि सिर्फ मॉडरेटर से आई कॉन्टेक्ट बनाने के अलावा डिस्कशन में मौजूद सारे लोगों से आई कॉन्टेक्ट बनाए रखें. जब आप ऐसा करेंगे तो ग्रुप के दूसरे लोग भी आपकी बात को ध्यान से सुनेंगे और आप अपनी बात अच्छे से कह पाएंगे.

करेंट अफेयर्स अवश्य पढ़ेंः ग्रुप डिस्कशन के टॉपिक ज्यादातर करेंट अफेयर्स से जुड़े होते हैं। ऐसे में अगर आप करेंट अफेयर्स की जानकारी रखेंगे तो आप अपनी बातों को अच्छे से रख पाएंगे. ऐसा करने से आप तथ्यों पर बात कर पाएंगे और आपकी बात और प्रभावी होगी। समूह चर्चा में भाग लेने वालों के लिए यह आवश्यक है कि उन्हें उस विषय के बारे में पता होना चाहिए जिस पर वे बात करना चाहते हैं।

अपनी बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान देंः किसी ग्रुप डिस्कशन में हिस्सा लेने वाले लोगों को इस बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि जब ग्रुप डिस्कशन में बोलना हो तो बॉडी लैंग्वेज अच्छी होनी चाहिए. बातचीत के दौरान, बॉडी लैंग्वेज से ऐसा नहीं लगना चाहिए कि वो दूसरों के प्वाइंट्स सुनकर नाराज हो रहे हैं. जब आप ग्रुप डिस्कशन में अच्छे से बैठते हैं और आपका पहनावा फॉर्मल होता है, आप लोगों पर अच्छा असर डालते हैं.

दूसरों की बात अच्छे से सुनेंः ग्रुप डिस्कशन को प्रभावशाली बनाने के लिए जरूरी है कि आप दूसरों की बातों को भी अच्छे से सुनें. दूसरों की बातों को सुनकर ही आप अपना पक्ष रख पाने में कामयाब होंगे. ग्रुप डिस्कशन में लोगों को सुनने से भी कई बार कई लिंक मिल जाते हैं जो आपको आगे और बेहतर तरीके से बोलने के प्वाइंट्स दे देता है.

संयम बनाए रखेंः ग्रुप डिस्कशन में आपके साथ कई और लोग भी अपनी बात रख रहे होते हैं. ऐसे में जरूरी होता है कि आप इस दौरान संयम बानए रखें और दूसरों की बात के बीच में न बोलें. दूसरों की बात को बीच में काट कर बोलना शुरू करने से आप बुरा प्रभाव छोड़ सकते हैं. बेहतर होता है कि आप दूसरे को बात खत्म करने दें और उसके बाद अपनी बात रखें.

# कमलेश रमन और आर पी रतूड़ी ने कांग्रेस में मारी बड़ी सेंध : आप में शामिल हुए नेता



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुई महिला नेत्रियाँ, आप पार्टी नेताओं ने विधिवत दिलाई सदस्यताः जोत सिंह बिष्ट, प्रदेश संगठन समन्वयक, आप।आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आज देहरादून स्थित आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में दर्जनों महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने कांग्रेस का दामन छोड़कर आम आदमी पार्टी का दामन थामते हुए विधिवत सदस्यता ग्रहण की।

आम आदमी पार्टी कार्यालय में मौजूद प्रदेश के संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट और वरिष्ठ नेत्री कमलेश रमन ने कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुई पूर्व महिला कांग्रेस की महासचिव किरण मनवाल और कामिनी देवी पूर्व वार्ड अध्यक्ष को आम आदमी पार्टी में शामिल करवाया।इस दौरान जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है और कांग्रेस के नेता एक दूसरे की टांग खींचने में व्यस्त हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई ज्वलंत समस्याएं हैं और कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल होने के बावजूद भी ज्वलंत समस्याओं को नहीं उठाता है जिससे यह स्पष्ट होता है कि विपक्ष होने के बावजूद भी कांग्रेस अपने विपक्ष का धर्म नहीं निभा रही है। उन्होंने कहा कि यह आम आदमी पार्टी की नीतियां ही है कि आज जगह-जगह से लोग आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी का दामन थाम रहे हैं। उन्होंने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों को शुभकामनाएं दी।इस दौरान जोत सिंह बिष्ट जी के साथ कमलेश रमन, डॉक्टर आरपी रतूड़ी, मुकेश पांडे ,अशोक सेमवाल, सुधा पटवाल ,प्यारा सिंह ,सागर हांडा और सीपी सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के स्पा सेंटरों के संचालन के लिए बन रहे नए नियम, पढ़ें ये खबर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**






कोरोना के मामले बढ़ने के बाद स्पा और जिम को बंद कर दिया गया था। कोरोना लहर के बाद जब स्थिति सामान्य हुई तो स्पा सेंटर दोबारा शुरू कराए गए। शासन स्तर पर स्पा सेंटर को लेकर नए नियम तैयार किए जा रहे हैं।जल्द ही स्पा के संचालन के लिए नए नियम लागू होंगे। इसे देखते हुए राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने आयोग कार्यालय में बोर्ड की बैठक की.

**सदस्यों के रिक्त पदों पर जल्द होगी नियुक्ति**

आपको बता दें कि स्पा के संचालन के लिए कई नियमों और शर्तों का पालन करना पड़ता है। बैठक में बोर्ड सदस्यों के रिक्त पदों को भरने के लिए शासन स्तर पर पत्र व्यवहार करने के निर्देश दिये गये। साथ ही दूर-दराज के क्षेत्रों से परामर्श के लिए देहरादून पहुंचने वाली पीड़ित महिलाओं के लिए कम से कम एक सप्ताह ठहरने के लिए 10 से 12 कमरों की व्यवस्था करने के निर्देश सरकार को दिए.

**बाल सुधार गृह को लेकर निर्देश**

बता दें कि बैठक में बंद पड़े बाल सुधार गृहों को संचालित किए जाने, शासन द्वारा आयोग को जागरूकता कार्यक्रम हेतु अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराने, पूर्व अध्यक्ष की तरह निवर्तमान अध्यक्ष के मानदेय में भी बढ़ोत्तरी किए जाने को लेकर भी सकारात्मक बात हुई.

**फरियादियों के ठहरने की होगी व्यवस्था**

इसी के साथ ही महंगाई को देखते हुए गाड़ी में पेट्रोल का पैसा बढ़ाने सम्बन्धी कई विषयों पर गहनता से विचार-विमर्श हुआ. इसके लिए बाकायदा प्रस्ताव भी पारित किया गया. इसके अतिरिक्त बैठक में कई मामले प्रकाश में आए. जैसे आयोग कार्यालय शहर से काफी दूर स्थित है, जिसमें महिलाओं को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. वहीं, आयोग का कार्यालय शहर के बीच में करने को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए.

**कई मामलों में प्रस्ताव हुए पारित**

आपको बता दें कि कई बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शासन स्तर पर दोबारा पत्राचार किए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पारित किया गया. अध्यक्ष ने उपाध्यक्षों को आदेशित किया गया कि वह स्वयं द्वारा किए गए सभी कार्यों की मासिक रिपोर्ट बनाकर आयोग को भेजें.

**स्पा सेंटर को लेकर हुई चर्चा**

दरअसल, इस बैठक में स्पा सेंटर को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई. जानकारी के मुताबिक इसके संचालन से सम्बन्धित नियमावली पर भी शासन स्तर पर अतिशीघ्र नियमावली लागू की जाएगी. जिसको लेकर दोबारा पत्राचार किया जाएगा.

**ये लोग हुए बैठक में शामिल**

बैठक का संचालन आयोग की सदस्य सचिव कामिनी गुप्ता ने किया. इस बैठक में आयोग की उपाध्यक्ष, ज्योति (साह) मिश्रा, अल्मोड़ा एवं उपाध्यक्ष, शायरा बानो ऊधमसिंह नगर एवं आयोग के विधि अधिकारी, दयाराम सिंह एवं शानू रावत, कनिष्ठ सहायक द्वारा प्रतिभाग किया गया. बता दें कि आयोग के विधि अधिकारी दयाराम सिंह ने कार्यक्रम का समापन करते हुए समस्त पदाधिकारियों का धन्यवाद किया.

04 aug_2022_colour 04/08/2022 03:36 AM Page 7



## संपादकीय

### स्तनपान से जीवनभर लाभ

स्तनपान बच्चों को जीवन में अच्छी शुरुआत प्रदान करता है. यह पोषण का सबसे अच्छा स्रोत है, जो जीवनभर लाभ देने के साथ बच्चे के मानसिक विकास में भी सहायक है. यह मां के साथ अपनत्व की भावना का विकास करता है. अगस्त माह के पहले सप्ताह में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है. जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान की शुरुआत करने तथा पहले छह महीने में बच्चे को सिर्फ मां का दूध देना बच्चे के लिए फायदेमंद होता है. छह महीने के बाद पूरक आहार शुरू करने और दो साल या उससे अधिक उम्र तक लगातार स्तनपान कराने से संक्रमण के खिलाफ एक शक्तिशाली कवच तैयार होता है. इससे कुपोषण से बचाव और बच्चे के मस्तिष्क का विकास होता है. जो बच्चे ढंग से स्तनपान नहीं करते हैं, उनमें दस्त और अन्य संक्रमणों का खतरा अधिक होता है. ऐसे बच्चों के कुपोषण से पीड़ित होने और शिशुकाल में मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है. मां का दूध विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है. बच्चे के जन्म के तुरंत बाद प्राप्त होने वाला मां का गाढ़ा पीला दूध जिसे कोलोस्ट्रम भी कहा जाता है, नवजात शिशु के लिए आदर्श पोषण है. पोषक तत्वों एवं एंटीबॉडी से भरपूर, यह दूध बच्चे के लिए पहले टीके का काम करता है. यह बीमारियों के जोखिम को कम करता है, जिसमें कान के संक्रमण, अस्थमा, श्वसन संक्रमण, दस्त, उल्टी, बचपन का मोटापा और शिशुओं की अचानक मृत्यु सिंड्रोम भी शामिल है. स्तनपान बच्चे की बौद्धिक क्षमता में भी तीन से चार अंक तक की वृद्धि करता है. बच्चे के जन्म के बाद स्तनपान माताओं को पूर्व शारीरिक आकार प्राप्त करने में मददगार होता है. साथ ही, स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर तथा टाइप-2 मधुमेह के जोखिम को कम करता है. यह बच्चे के जन्म के अंतर को बनाये रखता है. अध्ययन से पता चलता है कि स्तनपान में निवेश किया गया प्रत्येक डॉलर अनुमानित तौर पर 35 डॉलर का आर्थिक लाभ प्रदान करता है. स्तनपान सभी रूपों में कुपोषण को रोकने में मदद करता है. मां का दूध प्राकृतिक, नवीकरणीय और टिकाऊ संसाधन है, जो न तो कचरा पैदा करता है और न ही प्रदूषण. नवजात शिशु का जीवित रहना प्रारंभिक स्तनपान और जन्म के तुरंत बाद मां के साथ त्वचा से त्वचा के संपर्क पर निर्भर करता है. यह मां के ऑक्सीटोसिन के स्तर को भी बढ़ाता है, जो मां के दूध को बढ़ाने में मदद करता है. एनएफएचएस-5 (2019-21) तथा एनएफएचएस-4 (2015-16) के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो झारखंड पांच साल से कम उम्र के बच्चों में कुपोषण की दर को कम करने में सफल रहा है. इस आयु वर्ग के बच्चों में बौनेपन में लगभग 22 प्रतिशत की तथा स्टंटिंग में लगभग 12 प्रतिशत की कमी आयी है. छह महीने से कम उम्र के बच्चों में विशेष स्तनपान दर में भी सुधार हुआ है. एनएफएचएस-4 में यह 65 प्रतिशत था, जो कि एनएफएचएस-5 में बढ़ कर 76 प्रतिशत हो गया है. 2015-16 में 62 प्रतिशत की तुलना में अब लगभग 76 प्रतिशत संस्थागत प्रसव होता है. हालांकि, कुछ क्षेत्रों में अभी भी काम होना बाकी है. चार में से तीन महिलाओं का प्रसव स्वास्थ्य केंद्रों में कराया जाता है, लेकिन पांच में से केवल एक बच्चे को ही घंटे भर के भीतर मां का दूध मिल पाता है. छह महीने में शिशु के पोषक तत्वों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पूरक खाद्य पदार्थ की आवश्यकता होती है, लेकिन झारखंड में 6-8 महीने के 61 प्रतिशत बच्चों को ठोस/ अर्ध ठोस भोजन और मां का दूध नहीं मिलता है. ज्ञान और जानकारी की कमी, पारंपरिक प्रथाएं तथा देखभाल सुविधाओं के अभाव के चलते जन्म के बाद प्रारंभिक स्तनपान का पर्याप्त चलन नहीं हो पाया. शुरुआती दिनों में कई माताएं स्तनपान के तरीके सीखने के लिए भी संघर्ष करती हैं. सफल स्तनपान अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए उचित परिवेश और विशेषज्ञ निर्देश की आवश्यकता होती है. बच्चों को जीवन में सर्वोत्तम संभव शुरुआत देने के लिए माताओं को अपने परिवारों, स्वास्थ्य पेशेवरों, नियोक्ताओं और सरकार से सहयोग व प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है. स्वास्थ्य पेशेवरों, जैसे कि परामर्शदाता, नर्स तथा डॉक्टर, माताओं एवं बच्चों को स्तनपान कराने में मदद कर सकते हैं. महिलाओं को सटीक जानकारी, परामर्श, घरों में एवं चिकित्सा केंद्रों तथा कार्यस्थल पर सहयोग प्रदान करने की जरूरत है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ कहीं भी बच्चे को स्तनपान करा सकें. हमें एक सक्षम वातावरण को बढ़ावा देना चाहिए तथा घर एवं कार्यस्थल दोनों जगहों पर उनकी सहायता करनी चाहिए.

# तीसरी वंदे भारत ट्रेन रेलवे ट्रैक पर दौड़ने को तैयार



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

15 अगस्त के मौके पर भारतीय रेलवे ने देश की तीसरी वंदे भारत ट्रेन चलाने की घोषणा की है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक इस ट्रेन का निर्माण चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में किया जा रहा है. इस ट्रेन को पटरी से उतारने की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. टीम ट्रेन को तैयार करने में लगी है ताकि 15 अगस्त से पहले इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा सके। आपको बता दें कि पिछले साल 15 अगस्त के मौके पर पीएम मोदी ने 75 नई वंदे भारत ट्रेनों को पटरी पर लाने का ऐलान किया था. पीएम मोदी के इस ऐलान को साकार करने के लिए रेलवे इस 15 अगस्त को तीसरी वंदे भारत ट्रेन को रेल पटरी पर लाने की तैयारी कर रहा है. अगले 1 साल के भीतर देश की जनता को 74 और वंदे भारत ट्रेनें दी जाएंगी।




रेलवे ने तीसरी वंदे भारत ट्रेन को 12 अगस्त से पहले पूरी तरह तैयार करने का लक्ष्य रखा है, ताकि इसे 12 अगस्त को चेन्नई की कोच फैक्ट्री आईसीएफ से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा सके. ट्रेन में कुछ काम बाकी है, जो समय पर पूरा हो जाएगा. इसके बाद ट्रेन को ट्रैक पर उतारा जाएगा। आईसीएफ से बाहर आने के बाद इस ट्रेन का ट्रायल होगा। फिर सीआरएस क्लीयरेंस लेने के बाद इसे चलाया जाएगा।

रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी द्वारा 75 वंदे भारत ट्रेनें अगले साल तक चलाने की जो घोषणा की गई थी, उसे पूरा करने के प्रयास जारी हैं. तीसरी ट्रेन बनने के बाद बाकी 74 वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण भी तेजी से पूरा हो जाएगा. आने वाले 2-3 महीनों में 2 से 3 वंदे भारत ट्रेनें बनाई जाएंगी। इसके बाद इसकी उत्पादन दर 6 से 7 ट्रेनों तक बढ़ाई जाएगी।

# अवैध कॉल सेन्टर में प्रकाश में आये संदिग्ध खातो में 225 करोड़ की धनराशि के लेन-देन की जानकारी विभिन्न एजेन्सियो से सांझा की जा रही है

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,3 जुलाई। माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के निवासियों को साइबर अपराधियो द्वारा जनता से ठगने वालो पर सख्त कार्यवाही पर पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड द्वारा एसटीएफ व साइबर पुलिस को प्रभावी कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिए गए है ।* वर्तमान में साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने हेतु अपराध के नये-नये तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे है । इसी परिपेक्ष्य में साइबर अपराधों द्वारा फर्जी कॉल सेन्टर के माध्यम से लोगो से ठगी की सूचना एसटीएफ को प्राप्त हो रही थी। जिस क्रम में दिनांक 21/07/2022 को एसटीएफ एवं साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन की पुलिस टीम द्वारा एक अन्तराष्ट्रीय कॉल सेन्टर पर छापा मारा गया जिसमें 1.26 करोड़ रुपये नगद, 250 लैपटॉप व 85 कम्प्यूटर जब्त किये गये थे। प्रकरण के सम्बन्ध में साइबर थाने पर अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग में अब तक 14 लोगो को जेल भेजा जा चुका है तथा अन्य संदिग्ध तथा फरार अभियुक्तो के विरुद्ध साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्तो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु एसटीएफ द्वारा विभिन्न एजेन्सियों



1- प्रवर्तन निदेशालय (ED), 2- आसूचना ब्यूरो (IB), 3- FBI 4- केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI), 5- ROC (Registrar of Companies), 6- Department of Telecommunication (DOT), 7- CGST, 8.SGST, 9.राजस्व आसूचना निदेशालय (DRI) 10. इनकम टैक्स डिपार्टमेंटआदि से जानकारी सांझा की जा रही है।

जानकारी में इस अवैध कॉल सेन्टर के साथ-साथ 01 संदिग्ध मीडिया हाउस की जानकारी भी प्रकाश में आई है और हवाला के माध्यम से Money Laundering की संभावना प्रतीत होती है। घटना में विभिन्न बैंक खातो के विश्लेषण से अनुमानित 225 करोड़ के संदिग्ध धन के लेनदेन की जानकारी भी इन एजेन्सियों से सांझा की जा रही है । अभियोग मे Microsoft Company से भी पत्राचार किया गया है जिनसे टॉल फ्री नम्बरो के सम्बन्ध में दुनियाभर से प्राप्त हजारो शिकायतो की जानकारी मांगी गयी है, जिसकी जानकारी बहुत जल्द Microsoft Company द्वारा प्रदान की जायेगी ।

प्रभारी एस0टी0एफ0 उत्तराखण्ड द्वारा आश्वासन दिया गया है कि एसटीएफ लगातार इस प्रकार के अवैध कॉल सेन्टरो पर प्रभावी कार्यवाही कर रही है, इस मामले में भी तह तक जायेगी एवं हर प्रकार के तथ्यो को खंगालेगी । जनता से अपील की है कि कस्टमर केयर से बताकर फोन करने वाले व्यक्ति की बातो में न आये और न ही उसे अपने वॉलेट/बैक सम्बन्धी को जानकारी साझा करें । कोई भी शक होने पर तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन व साईबर हेल्पलाईन 1930 पर सम्पर्क करें ।

# जाने कब लागू होगा उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए तेजी से काम कर रही है. उम्मीद है कि वह छह महीने के निर्धारित समय के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी। इसके बाद सभी पक्षों से विचार-विमर्श कर समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार को नई दिल्ली में 'हिंदुस्तान' से खास बातचीत में धामी ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 44 राज्यों को समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार देता है. इसी आधार पर उत्तराखंड ने पहल की है, अन्य राज्यों को भी इसे लागू करने के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लिए समान नागरिक संहिता बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दो देशों चीन और नेपाल के साथ अपनी सीमा साझा करता है। राज्य एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र भी है। भाजपा ने चुनाव से पहले एक वादा किया था, इसलिए नई सरकार के गठन के साथ समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए सबसे पहले एक समिति का गठन किया गया था। जस्टिस देसाई की अध्यक्षता में कमेटी की दो बैठकें हो चुकी हैं। मैंने खुद भी कमेटी के साथ बैठक की है। समिति सभी हितधारकों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करेगी।

बाद में वेबसाइट या पब्लिक डायलॉग के जरिए भी लोगों की राय ली जाएगी। कमेटी को छह माह का समय दिया गया है। उम्मीद है कि वह इस काम को तय समय में पूरा कर लेंगी लेकिन यह एक ऐसा विषय है जिस पर व्यापक विचार-विमर्श की जरूरत है इसलिए सरकार जरूरत पड़ने पर समिति को पर्याप्त समय देगी।


उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता पर कार्य करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य है। इसे लागू करने वाला भी पहला राज्य बनेगा। समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद कई अहम बदलाव होंगे। अदालतों में 20 फीसदी मुकदमे प्रत्यक्ष रूप से कम हो जाएंगे।

धामी ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के चहुमुखी विकास के लिए कार्य कर रही है। नए उद्योगों की स्थापना के लिए जमीन बैंक तैयार एकल खिड़की योजना शुरू की गई है। पर्यटन, ऊर्जा, बागवानी, जैविक खेती जैसे परंपरागत क्षेत्रों में निवेश के अलावा रिन्यूबल ऊर्जा, एयरोस्पेस एवं डिफेंस, इलेक्ट्रिक वाहन, जैव प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में नए निवेश को आकर्षित करने के लिए नीतियों को सरल बनाया गया है। चारधाम मार्ग के पूरी तरह से तैयार होने के बाद धार्मिक पर्यटन में इजाफा होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार का सर्वाधिक फोकस राजस्व सृजन को लेकर है। राज्य को मिलने वाली पांच हजार करोड़ रुपये की जीएसटी क्षतिपूर्ति खत्म हो चुकी है जिसकी भरपाई के लिए नए क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रीत किया जा रहा है। राज्य का सकल राजस्व करीब 20 हजार करोड़ है जो जरूरत से काफी कम है। इसे तत्काल बढ़ाने की चुनौती हमारे सामने है।

# एनएचएम निदेशक डॉ आर राजेश कुमार पर स्वास्थ्य मंत्री धन दा ने जताया भरोसा : दिए अहम निर्देश

## एनएचएम के तहत शत-प्रतिशत खर्च करें धनराशि: डॉ0 धन सिंह रावत



आशीष तिवारी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गयी धनराशि को समय पर शत-प्रतिशत खर्च करने के निर्देश प्रदेश के अनुभवी और बेहतरीन कार्यशैली से स्वास्थ्य विभाग की ढुलमुल व्यवस्था को पटरी पर लाने में जुटे मिशन निदेशक डॉ आर राजेश कुमार को दिए हैं । इसके साथ ही मंत्री धन दा ने विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में चल रहे निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुये अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत कार्मिकों को विगत तीन माह से वेतन न मिलने पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को हुये शीघ्र वेतन निर्गत करने को कहा।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य महानिदेशालय में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। उन्होंने वर्तमान वित्तीय वर्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि को शत-प्रतिशत खर्च करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। डॉ0 रावत ने बताया कि सूबे में एनएचएम के अंतर्गत हुये बेहत्तर कार्यों के आधार पर भारत सरकार द्वारा इस वित्तीय वर्ष रूपये 1129.5 करोड़ का बजट उपलब्ध कराया गया है जो कि जो कि विगत वित्तीय वर्ष में मिले बजट के मुकाबले रूपये 280 करोड़ अधिक है। जिसे तय समय के भीतर शत-प्रतिशत खर्च करने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है ताकि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत किया जा सके।

बैठक में विभागीय मंत्री ने विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में चल रहे निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर भारी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से दो टूक कहा कि निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाकर सभी निर्माण कार्यां को निश्चत समय सीमा के भीतर पूरा करें। डॉ0 रावत ने बताया कि ई0आर0सी0पी0 के अंतर्गत 08 चिकित्सा इकाईयों में प्रीफैब्रिकेटेड 42 बेड एवं 10 चिकित्सा इकाईयों में 32 बेड का निर्माण किया जायेगा जिसके लिये शासन ने रूपये 5073.12 लाख की धनराशि स्वीकृत कर दी है। इसके अलावा इस वित्तीय वर्ष में 07 क्रिटिकल केयर यूनिट (सी0सी0यू0) की स्थापना की जायेगी, जिसके लिये कार्यदायी संस्था नामित कर दी गई है, शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। एनएचएम कार्मिकों को विगत तीन माह से वेतन न मिलने पर डॉ0 रावत ने विभागीय अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने मिशन निदेशक एनएचएम डॉ0 आर0 राजेश कुमार को व्यवस्थाएं ठीक कर शीघ्र वेतन निर्गत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत कार्मिक अल्प वेतनभोगी हैं और उनका कई महीनों तक बिना किसी कारण वेतन रोकना न्यायोचित नहीं है।

बैठक में प्रभारी सचिव स्वास्थ्य एवं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ0 आर0 राजेश कुमार, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ0 शैलजा भट्ट, संयुक्त निदेशक डॉ0 आर0पी0 खंडूडी, वित्त अधिकारी दीपाली भरणे, वित्त नियंत्रक एनएचएम खजान चन्द्र पाण्डेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



दैनिक
न्यूज वायरस
न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002
email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा